# पाकिस्तान से आई पीएम मोदी को जीत की बधाई, इमरान खान बोले– आपके साथ मिलकर काम करना चाहते हैं

## इमरान खान ने ट्वीट किया 'मैं भाजपा और सहयोगियों की चुनावी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं.

**इस्लामाबाद : एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लोकसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार 'प्रचंड मोदी लहर' पर सवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रिकॉर्ड सीटों के साथ केंद्र की सत्ता पर काबिज होने जा रही है. इस प्रचंड जीत पर पाकिस्तान की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनावों में विजयी होने की बधाई दी. साथ ही उन्होंने दक्षिण एशिया में शांति और उन्नति के लिए पीएम मोदी के साथ मिलकर काम करने की प्रतिद्धता भी जताई.



इमरान खान ने ट्वीट किया 'मैं भाजपा और सहयोगियों की चुनावी जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं. दक्षिण एशिया में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए उनके साथ काम करने के लिए तत्पर हैं'.

इमरान से पहले भारत के पड़ोसी देश चीन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बधाई संदेश आया. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि वह एक बार फिर भारतीय नेता के साथ काम करने को तैयार हैं. शी ने कहा कि वह चीन-भारत संबंध को बहुत महत्व देते हैं और इसे नई ऊंचाईयों पर ले जाना चाहते हैं. शी ने एक पत्र में मोदी से कहा, "आपके (मोदी) नेतृत्व में भारत में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 17वीं लोकसभा चुनाव जीतने के अवसर पर, मैं आपको हार्दिक बधाई देना चाहूंगा."वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को बधाई दी. नेतन्याहू ने अपनी 'महान दोस्ती' और संबंधों को मजबूत करने की कसम खाई. उन्होंने हिब्रू भाषा में ट्वीट कर कहा, "चुनावों में शानदार जीत दर्ज करने के लिए मेरे मित्र नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई." उन्होंने कहा, "आपका नेतृत्व और जिस तरह से आप दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करते हैं उसका सत्यापन यह चुनाव परिणाम है. हम साथ मिलकर भारत और इजरायल के बीच और हमारे बीच महान मित्रता को मजबूत करते रहेंगे और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे."उधर सबसे पहले बधाई संदेश श्रीलंका की तरफ से आया. श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को बधाई दी. विक्रमसिंघे ने ट्वीट किया, "शानदार जीत पर बधाई नरेंद्र मोदी. हम आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं."

# साइकिल से दो भारतीय जा रहे हैं मक्का, रोजे में भी जारी है सफर, पहुंचने में लगेगा इतना टाइम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**दुनिया ।** कहते हैं इंसान में अगर हिम्मत और साहस हो तो वो किसी भी हद तक जा सकता है. मन में लगन होने पर एक गरीब का बच्चा भी चांद को छू सकता है और वैज्ञानिक बन सकता है. जैसा शौक इंसान में पढ़ाई को लेकर होता है, वैसे ही कुछ लोगों में बाइक राइडिंग और साइकिलिंग का शौक होता है. साइकिलिंग का शौक करने वाले लोग कितनी भी दूरी रास्ता तय कर सकते हैं.



बात पर यकीन नहीं होता, तो जो खबर हम आपको बताने जा रहे हैं, उसको पढ़ने के बाद आपको जरूर यकीन हो जाएगा. दरअसल, भारत के बेंगलुरु में रहने वाले मोहम्मद सलीम और रिजवान इन दिनों अपनी साइकिल से मक्का के दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं. दोनों ने साइकिलों पर सवार होकर मक्का तक पहुंचने की तैयारी की. इन दोनों ने 3,800 किलोमीटर की दूरी तय की.

### रोजे में भी चलाते रहे साइकिल

खास बात ये है कि दोनों ही साइकिल सवार रमजान के पवित्र माह में रोजा रखकर साइकिल चलाते रहे और रब को तलाशने के लिए निकल पड़े. खलिज टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार, उक्त यात्रा भारत से पाकिस्तान होते हुए ईरान, इराक और कुवैत के रास्ते सऊदी अरब की ओर जाना थी. मगर इन लोगों को वीजा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा. जिसके बाद इन लोगों ने अपना यात्रा मार्ग बदल दिया और ओमान, ईरान और यूएई की ओर निकल गए. अब ये लोग जुलाई अंत में मक्का जाएंगे.

### आगे का रास्ता है काफी कठिन है

दोनों दोस्तों की जोड़ी भारत से संयुक्त अरब अमीरात तो पहुंच गए हैं, लेकिन आगे का रास्ता दोनों के लिए काफी कठिन होगा. क्योंकि इससे आगे खाड़ी देश आते हैं और वहां के पथरीले रास्तों पर साइकिल चलाना काफी मुश्किल काम है. दोनों ही दोस्तों की यह कहानी इन दोनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है.

# पहले अपना रुख सुधारे अमेरिका, फिर शुरू होगी परमाणु वार्ता:उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**सिओल।** अमेरिका के साथ चल रहे तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने परमाणु वार्ता शुरू करने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता तब तक फिर से शुरू नहीं होगी जब तक कि वाशिंगटन अपनी स्थिति नहीं बदलता। इससे पहले उत्तर कोरिया ने सर्वोच्च नेता किम जोंग उन की आलोचना करने पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति की लताड़ लगाई थी। देश की न्यूज एजेंसी ने बुधवार को एक लेख के जरिए उनपर हमला बोला था। लेख में लिखा गया था, वह कम अक्ल वाले हैं। नेता की तो बात छोड़िए उनमें आम इंसान लायक भी कोई योग्यता नहीं हैं। बता दें कि इससे पहले बिडेन ने किम को तानाशाह कहकर संबोधित किया था। पिछले हफ्ते ही बिडेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि ट्रंप पुतिन और किम जैसे दुश्मनों से गले मिल रहे हैं और मित्र देशों से दूरी बना रहे हैं। डेमोक्रेट उम्मीदवार के तौर पर 2020 में होने वाला अमेरिकी राष्ट्रपति का अगला चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे बिडेन ने किम को ठग भी कहा था।

# ब्रिटेन: रोते हुए प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने की इस्तीफे की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**लंदन:** ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसा मे (Theresa May) ने ब्रिटेन की संसद में ब्रेक्सिट मुद्दे पर बार-बार हार का सामना करने के बाद शुक्रवार को इस्तीफा देने की घोषणा कर दी. उन्होंने कहा कि वह सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप में सात जून को अपना पद छोड़ेंगी. वह सात जून को कंजर्वेटिव पार्टी की नेता के पद से इस्तीफा दे देंगी, मगर उत्तराधिकारी चुने जाने तक प्रधानमंत्री बनी रहेंगी.



इस्तीफे का ऐलान करते हुए भावुक नज़र आ रहीं थेरेसा मे ने डाउनिंग स्ट्रीट में अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने 2016 में हुए जनमतसंग्रह के परिणाम का सम्मान करने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश की. उन्होंने यह भी कहा कि ब्रेक्सिट में क़ामयाब न हो पाने का उन्हें %गहरा दुख% रहेगा. थेरेसा मे ने कहा कि उन्होंने अपने ब्रेक्सिट सौदे के लिए समर्थन जुटाने के लिए पूरी कोशिश की है मगर यह देश के हित में होगा कि अब नया प्रधानमंत्री प्रयासों को जारी रखे.

यह घोषणा करते समय मे भावुक हो गईं और रोने लगीं. उन्होंने कांपती हुई आवाज में कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर काम करना उनके %जीवन की सबसे गर्व भरी बात' है.

### ब्रेक्जिट पर मतदान टालने के बाद बढ़ा दबाव

मालूम हो कि ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने लेकर जद्दोजहद में फंसी प्रधानमंत्री थेरेसा मे गुरुवावर को भी आक्रामक रुख पर कायम रहीं हालांकि, उनकी सरकार ने अपनी कंजरवेटिव पार्टी के भीतर ही कड़े विरोध के बीच ब्रेक्जिट समझौते पर संसद में प्रस्तावित मतदान को आगे के लिये टाल दिया है.

ब्रिटेन सरकार के व्हिप मार्क स्पेंसर ने संसद के निचले सदन हाउस आफ कामन्स में कहा कि वह अवकाश के बाद जून में संसद का सत्र फिर शुरू होने के बाद वह यूरोपीय संघ से निकलने के विधेयक के प्रकाशन और चर्चा के बारे में सांसदों को सूचित करेंगे. पहले उम्मीद दी थी कि ब्रेक्जिट विधेयक को शुक्रवार को पेश किया जाएगा.